**झारखण्ड सरकार**

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

**पत्र संख्या–वन भूमि–35 / 2023–** 628 **व०प०, राँची, दिनांक–** 26/02/24

प्रेषक,

**जलज कुमार,**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

**उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय),**
भारत सरकार, पर्यावरण,
वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, द्वितीय तल,
झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड, मुख्यालय,
हरमू चौक, राँची–83400

**विषय :– मेसर्स CCL की बसंतपुर तापीन कोल वाशरी पहुँच पथ निर्माण हेतु 2.12 हे० वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1247 दिनांक–19.12.2023 एवं पत्रांक–1133 दिनांक–09.11.2023 से प्राप्त मूल प्रस्ताव एवं प्रतिवेदन की छायाप्रति (अनुलग्नक सहित) संलग्न है।

विषयक प्रस्ताव पर राज्य सरकार के निर्णयानुसार निम्नांकित शर्तों के साथ अनुशंसा की जाती है :–

(1) वनभूमि की वैधानिक स्थिति यथावत् रहेगी।

(2) प्रस्तावित वनभूमि के NPV का भुगतान प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा किया जाएगा।

(3) प्रस्तावित वनभूमि के विरूद्ध रामगढ़ वन प्रमंडल के मौजा–बोंगाबार में चिन्हित 4.240 हे0 अवकृष्ट वनभूमि पर क्षतिपूरक वनरोपण की राशि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा देय होगी।

(4) CWLW द्वारा प्रस्तावित शर्तों का अनुपालन प्रयोक्ता अभिकरण को बाध्यकारी होगा।

(5) अन्य मानक शर्तों का अनुपालन प्रयोक्ता अभिकरण के लिए बाध्यकारी होगा।

अनुरोध है कि विषयक प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

26/2/2024

(जलज कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक–वन भूमि–35 / 2023– 628 व०प०, राँची, दिनांक– 26/02/24

प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/2/2024

विशेष कार्य पदाधिकारी।